प्रेम प्रसंग में युवक की निर्मम हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

शादी का दबाव बनने पर रची साजिश, करंट लगाकर पीटा और कुल्हाड़ी से काट दिया पैर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरा में प्रेम प्रसंग के चलते युवक की निर्मम हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने युवक को घर बुलाकर पहले करंट लगाया, फिर लाठी-डंडों से मारपीट की और कुल्हाड़ी से उसका पैर काट दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक संदीप यादव उम्र 20 निवासी आजादपुर-घिनहागांव थाना बरगवां का ग्राम पोखरा निवासी पूजा पनिका से पिछले कई महीनों से प्रेम संबंध था। दोनों के बीच लगातार बातचीत होती थी और संदीप कई बार पूजा से मिलने उसके घर भी जाता था। इसी बीच पूजा पनिका का विवाह उ.प्र. के ओबरा में तय हो गया। इस बात का संदीप यादव विरोध करने लगा और वह पूजा पर उससे शादी करने का दबाव बना रहा था। इससे परेशान होकर पूजा पनिका ने पूरी बात अपनी माँ मुन्नी देवी, भाई मेलासागर पनिका और चाचा भोलानाथ पनिका को बताई। बताया गया कि पहले भी पूजा का रिश्ता टूटने से परिवार को सामाजिक बदनामी झेलनी पड़ी थी। ऐसे में परिवार के चारों लोगों ने मिलकर संदीप को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। योजना के तहत 27 फरवरी की रात पूजा पनिका ने संदीप यादव को मिलने के लिए अपने घर बुलाया। जैसे ही संदीप वहां पहुंचा, चारों आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और पूजा से दूर रहने के लिए समझाने लगे। लेकिन संदीप शादी करने की जिद पर अड़ा रहा। इसके बाद आरोपियों ने पहले उसे बिजली का करंट लगाया और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। जब वह फिर भी नहीं माना तो आरोपी भोलानाथ पनिका ने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी से उसका बायां पैर काट दिया।

सुराग मिटाने जला दिया था कपड़ा

लगातार मारपीट और अत्यधिक खून बहने के कारण संदीप बेहोश हो गया। आरोपियों ने उसे मृत समझ लिया और रात में ही उसे उठाकर घर के पास परमानंद बैस के अरहर के खेत में फेंक दिया। इसके बाद सबूत मिटाने के लिए घर में गिरे खून को गोबर से पुताई कर ढक दिया गया तथा संदीप के कपड़ों को भी जला दिया गया, ताकि मामला जंगली जानवरों के लिए लगाए गए करंट तार से हादसा प्रतीत हो। अगली सुबह ग्रामीणों ने खेत में संदीप को गंभीर हालत में पड़ा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल संदीप को तत्काल जिला अस्पताल बैढ़न पहुंचाया, जहां से उसे जबलपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जहां पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुये कई टीमें गठित कर विवेचना में लगा दी। पुलिस को आखिरकार हत्या के आरोपियों को अपने गिरफ्त में ले ली है।

पुलिस टीम होगी पुरस्कृत

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक रीवा गौरव सिंह राजपूत और पुलिस उपमहानिरीक्षक हेमंत सिंह के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल और आरोपियों के घर से साक्ष्य जुटाए। वैज्ञानिक जांच और पूछतांछ के बाद चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी भोलानाथ पनिका उम्र 39, मेलासागर पनिका उम्र 19, पूजा पनिका उम्र 20 और मुन्नी देवी पनिका उम्र 40 को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त लाठी, कुल्हाड़ी, बिजली का तार और मोबाइल फोन भी जप्त किए गए हैं। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम को इस मामले के सफल खुलासे पर दस हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

इलाज के लिए आर्थिक मदद की अपील

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। बरका निवासी लाला पनिका पिता स्व. रामधनी पनिका पिछले होली के दिन एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार लाला पनिका महुआगांव की ओर से आ रहे बुलेट मोटरसाइकिल एमपी 53 जेडए 6063 की चपेट में आ गए थे। हादसे के बाद उन्हें तुरंत सरई अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर परिजनों द्वारा उन्हें सिंगरौली के एक निजी अस्पताल हीरावती हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका लगातार इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में उनके नाक, जबड़े और मस्तिष्क में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद से ही वह अचेत अवस्था में हैं और अब तक उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। परिजनों के अनुसार लगातार इलाज के चलते परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है और अब उपचार के लिए पर्याप्त राशि नहीं बची है। ऐसे में परिजनों ने समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से मदद की अपील की है। इच्छुक लोग आनंद टाडिया के फोन-पे या क्यूआर कोड के माध्यम से आर्थिक सहयोग कर सकते हैं और स्क्रीनशॉट भेजकर मदद पहुंचा सकते हैं।

एक नजर में

व्यापारियों ने अधिवक्ता दिलीप को दी श्रद्धांजलि

सिंगरौली। अपने बीच के मल्हार पार्क के साथी रहे अधिवक्ता दिलीप कुशवाहा का बीते 6 मार्च को उनका अचानक निधन हो गया, जहां उनके दिवंगत आत्मा के शांति के लिए हम सभी मल्हार पार्क व्यापारियों ने एक शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई, ईश्वर से प्रार्थना की दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। शोक श्रद्धांजलि सभा में संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजाराम केसरी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र नोतवानी, प्रवक्ता नीरज कारीवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

महाविद्यालय में लगा सीसीटीव्ही कैमरा, छात्रों ने जताया आभार

सिंगरौली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कुछ दिन पूर्व महाविद्यालय की नई बिल्डिंग में सीसीटीव्ही कैमरे लगाने की मांग को लेकर मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया गया था। विद्यार्थियों की सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए परिषद ने इस मांग को प्रमुखता से उठाया था। हमें यह बताते हुए प्रसन्नता है कि कॉलेज प्रशासन ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए मात्र एक सप्ताह के भीतर नई बिल्डिंग में सीसीटीव्ही कैमरे लगवा दिए हैं। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महाविद्यालय अध्यक्ष अजीत शाह ने इस मांग को पूरा करने के लिए कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

गनियारी तिराहा सड़क बनी जानलेवा खराब सड़क से राहगीर परेशान

टर्निंग पॉइंट पर दुर्घटना का बढ़ा खतरा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। जिला मुख्यालय बैढ़न क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास सड़क मार्ग से लेकर गनियारी तिराहा तक की सड़क इन दिनों पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढों और उखड़ी हुई डामर की वजह से यह मार्ग अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की हालत खराब है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यह मार्ग बैढ़न के कई मोहल्लों और गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जिससे रोजाना बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन गुजरते हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी से गुजरना पड़ता है। खासकर रात के समय यह रास्ता और अधिक खतरनाक हो जाता है, क्योंकि कई जगह गड्ढे दिखाई नहीं देते और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी से गनियारी तिराहा तक सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। बारिश के समय इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। कई बार दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर घायल भी हो चुके हैं। गनियारी तिराहा एक महत्वपूर्ण टर्निंग पॉइंट भी है, जहां से कई मार्ग अलग-अलग दिशाओं में जाते हैं। सड़क खराब होने और मोड़ होने के कारण वाहन चालकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। तेज रफ्तार वाहन अचानक सामने आ जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सड़क किनारे बाइक के नीचे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

एक माह पहले हुई थी शादी, ससुराल जाते समय जंगल में संदिग्ध हालात में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास चौकी इलाके में आज दिन रविवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मोटरसाइकिल के नीचे दबा मिला। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक स्थिति को देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अजय कुमार बैस निवासी ग्राम खनतरा थाना मझौली जिला सीधी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अजय अपने गांव से ससुराल ग्राम गन्नई थाना सरई जाने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था। रास्ते में निवास चौकी क्षेत्र के ग्राम रजनिया कटरा जंगल के पास उसका शव मोटरसाइकिल के नीचे दबा हुआ पाया गया। ग्रामीणों ने जब सड़क किनारे बाइक के नीचे युवक को पड़ा देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही निवास चौकी प्रभारी सूरज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक की शादी लगभग एक माह पहले ही सरई थाना क्षेत्र के गन्नई गांव में हुई थी। वह अपने ससुराल जाने के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में ही उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ससुराल पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखकर हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायर्ड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं शव के पास से प्लास्टिक के दस्ताने भी बरामद होने की जानकारी सामने आई है, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। घटनास्थल पर सरई थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह भदौरिया व एसडीओपी गायत्री तिवारी मौजूद रहे।

निलंबन के 45 दिन बाद भी आरोप पत्र जारी नहीं

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। शाउमा विद्यालय मलगाटोला के प्रभारी प्राचार्य के निलंबन के बाद 45 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा द्वारा अब तक आरोप पत्र जारी नहीं किया गया है।

विभागीय नियमों के अनुसार निलंबन के बाद नियत समयावधि में आरोप पत्र जारी किया जाना आवश्यक माना जाता है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि विद्यालय में छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की शिकायतों के आधार पर जांच कर कार्रवाई की गई थी और प्रभारी प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया था। आदेश में कई गंभीर आरोपों का उल्लेख भी किया गया है, जिनमें छात्रों से अनुचित व्यवहार, योजना संबंधी अनियमितता तथा अभिभावकों के साथ अभद्रता जैसे मामले शामिल बताए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों का कहना है कि नियमानुसार निलंबन के बाद शीघ्र ही आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच आगे बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि मामले का निष्पक्ष निराकरण हो सके। लेकिन 45 दिन से अधिक समय बीतने के बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं इस पूरे मामले को लेकर अब शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी चर्चा में है। लोगों का मानना है कि जल्द ही आरोप पत्र जारी कर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके।

सिंगरौली के अस्पताल में चिकित्सकों व स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पर उठी आवाज

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 8 मार्च। स्थानीय स्थित एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आवासीय परिसर में संचालित संजीवनी चिकित्सालय में चिकित्सकों एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीर कमी को लेकर ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति ने जिला प्रशासन सोनभद्र से मांग किया गया है।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के हजारों विस्थापित परिवार औद्योगिक प्रदूषण के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं, लेकिन संजीवनी चिकित्सालय में पर्याप्त चिकित्सकों एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के कारण उन्हें समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। इससे स्थानीय लोगों को गंभीर परिस्थितियों में दूरस्थ अस्पतालों में जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की भारी हानि होती है।

संस्कार वैली स्कूल के डायरेक्टर को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। शिक्षा, कौशल विकाश प्रशिक्षण, महिला शसक्तीकरण और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार सोनी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

यह डॉक्टरेट उपाधि उन्हें वर्ल्ड चैरिटी वेलफेयर ज्ञानदान फाउंडेशन दिल्ली भारत, मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड संस्था द्वारा सुरेंद्र कुमार सोनी को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी इन एजुकेशन एंड सोशल सर्विस में सरदार बल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक कॉलेज भोपाल के सभागार में प्रदान की गई, जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी और संस्था के प्रमुख रहे। मुख्य अतिथि ने डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी से सम्मानित सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सभी शिक्षक बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार जरूर दे। यह सम्मान समाज के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया।

देवसर में शासकीय सड़क पर अतिक्रमण का मामला

देवसर 8 मार्च (एनबीएन)। जिले के देवसर तहसील अंतर्गत ग्राम जोगिनी में शासकीय सड़क पर अतिक्रमण को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। ग्राम जोगिनी निवासी महेश गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा सड़क पर गोबर के कंडे, चना-राई सहित अन्य सामग्री रखकर अतिक्रमण किया गया है, जिससे आम लोगों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आज भी सड़क पर गोबर के कंडे और फसल रखी हुई है, जिससे रास्ता बाधित हो रहा है।

रंग पंचमी पर कई नेताओं ने थामा आप का दामन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान जिले की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। कार्यक्रम में विभिन्न दलों से जुड़े कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

नपानि महापौर रानी अग्रवाल व पूर्व अध्यक्ष रतिभान प्रसाद के हाथों लोगों ने आप का दामन थामा। कार्यक्रम के दौरान रिटायर्ड हाई सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य स्व. जगवा देवी की भतीजी लीलावती पनाडिया ने अपने समर्थकों के साथ आप की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी पार्टी में शामिल हुए। इसी क्रम में भाजपा से जुड़े रहे गीता प्रसाद उपाध्याय और श्रीनिवास तिवारी ने भी भाजपा छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। वहीं सीता शरण साकेत, रामशरण साकेत सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने भी पार्टी की सदस्यता ली। इस मौके पर महापौर रानी अग्रवाल ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी जनहित और विकास की राजनीति के लिए प्रतिबद्ध है।

केसरवानी वैश्य समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीते दिन शनिवार को केसरवानी वैश्य समाज का होली मिलन समारोह कश्यप भवन धर्मशाला में देर रात संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में अतीत के रूप में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री एवं केसरवानी समाज ट्रस्ट धर्मशाला समिति के अध्यक्ष राजाराम केसरी, संरक्षक केदारनाथ केसरवानी, राम शिरोमणि गुप्ता, नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता, सचिव कामतानाथ केसरवानी, अधिवक्ता कुंज बिहारी गुप्ता, सूरज दीन केसरवानी, केसरी नाथ केसरवानी, बैजनाथ केसरवानी, पूर्व पार्षद हरिदास गुप्ता अन्य मौजूद रहे।

पीएम आवास की दुर्दशा : टूटी टैंक पाइप से सड़क पर बह रही गंदगी

वार्ड 29 और 41 के पीएम आवास में महीनों से बह रहा सीवर, शिकायतों के बाद भी नहीं कराया गया समाधान, बदबू से लोग त्रस्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 29 और 41 में बने प्रधानमंत्री आवास इन दिनों बदहाली और अव्यवस्था का शिकार हो गए हैं। यहां सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण महीनों से गंदा पानी और मलवा सड़क पर बह रहा है।

हालात ऐसे हो गए हैं कि पीएम आवास में रहने वाले लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। बदबू और गंदगी के कारण क्षेत्र के रहवासी काफी परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर लाइन टूट जाने के कारण गंदा पानी लगातार सड़क पर फैल रहा है। इससे सड़क पर कीचड़ और गंदगी का अंबार लग गया है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। जब बच्चे स्कूल जाने या बाजार के लिए घर से निकलते हैं तो उन्हें इसी गंदगी

और बदबू के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। रहवासियों ने बताया कि कई बार ऐसा भी होता है कि सड़क से गुजरने वाले बाइक सवार तेजी से निकल जाते हैं, जिससे गंदे पानी के छींटे राहगीरों और बच्चों के कपड़ों पर पड़ जाते हैं। इससे लोगों को काफी शर्मिंदगी और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सीवर से निकल रही दुर्गंध के कारण आसपास के घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है।

शिकायत के बाद भी नहीं हो पा रहा समाधान

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर निगम के अधिकारियों और कमिश्नर से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टाल देते हैं, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। दरअसल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब और कमजोर वर्गों को बेहतर आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन घरों का निर्माण कराया गया था, लेकिन मौजूदा हालात देखकर लगता है कि ये आवास अब दुर्दशा का शिकार हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सीवर लाइन की मरम्मत कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है, ताकि उन्हें गंदगी और बदबू से राहत मिल सके।